# कार्यालय नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

e-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com visit www.nagarnigamrudrapur.com
दूरभाष– 05944-242400

पत्रांकः– 2378 /कर अनु0/ई–नि0सू0/2023–24/ए.पी. दिनांक– 23/11/23

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 (31.03.2024 तक) **ट्रेड लाईसेंस नगर सेवा पोर्टल के माध्यम से व्यवसायिक प्रतिस्थानों में जाकर आवश्यक अभिलेख प्राप्त करने के उपरान्त नवीन लाईसेंस बनाए जाने एवं नवीनीकरण किए जाने हेतु** निम्नांकित की–डेटस् के अनुसार ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता/फर्म उक्तानुसार ई–निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

ई–निविदा से सम्बन्धित शर्तें उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट **www.uktender.gov.in** एवं नगर निगम रूद्रपुर की वेबसाईट **www.nagarnigamrudrapur.com** पर अवलोकित की जा सकती हैं तथा उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट **www.uktender.gov.in** से डाउनलोड व भरी हुई निविदा अपलोड की जा सकती है। अधिक जानकारी नगर निगम कार्यालय के कर अनुभाग से किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

| S.No. | Schedule/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Date of online Publication | 23 -11-2023 | 9:00 AM |
| 2. | Documents Download Start Date | 23 -11-2023 | 10:00 AM |
| 3. | Bid Submission Start Date | 23 -11-2023 | 10:00 AM |
| 4. | Bid Submission End Date` | 30 -11-2023 | 5:00 PM |
| 5. | Offline Submission of Hard/Original Copy of Documents: End Date | 30 -11-2023 | 5:00 PM |
| 6. | Bid Opening Date | 01 -11-2023 | 11:00 AM |

(नरेश चन्द्र दुर्गापाल)
नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर।

(रामपाल सिंह)
महापौर
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर।

प्रतिलिपिः– निम्नांनुसार नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

1. जिलाधिकारी, ऊधम सिंह नगर।
2. मुख्य कोषाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
3. अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।
4. श्री तपन कुमार राय, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, नगर निगम रूद्रपुर को इस निर्देश के साथ कि उक्त निविदा सूचना को उपरोक्तानुसार इन्टरनेट के माध्यम से प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें।
5. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र ......दैनिक जागरण...... को इस आशय से प्रेषित कि उक्त ई–निविदा सूचना को अपनी व्यवसायिक दरों में न्यूनतम 30 प्रतिशत छूट देते हुए समाचार पत्र दिनांक ..23.11.2023... के अंक में न्यूनतम पठनीय रूप में प्रकाशित करते हुए समाचार पत्र की 02 प्रतियां इस कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर।

011

# नए ट्रेड लाईसेंस बनाए जाने एवं नवीनीकरण हेतु नियम एवं शर्तें निम्नवत् है–
# वर्ष 2023–24

1. निर्धारित तिथि व समय तक प्राप्त ई–निविदाओं को **की–डेट्स के अनुसार** अधिप्राप्ति निविदा समिति या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। अपरिहार्य कारणों से निविदा खोले जाने की तिथि व समय में परिवर्तन किया जा सकता है।
2. प्राप्त ई–निविदाओं में से किसी एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का समस्त अधिकार नगर आयुक्त एवं महापौर नगर निगम रूद्रपुर में निहित है।
3. निविदादाता को निर्धारित तिथि एवं समय तक तकनीकी बिड हेतु ऑफलाईन व ऑनलाइन निम्नांकित प्रपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तकनीकी बिड (ऑनलाईन व ऑफलाईन) में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

**-: ऑफ लाईन एवं ऑन लाईन तकनीकी बिड हेतु आवश्यक प्रपत्रों की सूची :-**

**1–निविदा मूल्य रु0– 1000.00 + (18 % जी0एस0टी0 रु0– 180.00) = 1180.00 का मांग ड्राफ्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**

**2–निर्धारित धरोहर धनराशि रू0 50,000 की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. मूलरूप में जो कि नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर के पदनाम से बन्धक हो।**

**3–मु0 100.00 रु0 का स्व हस्ताक्षरित गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर (रसीदी टिकट सहित) मूल रूप में।**

**4–फर्म/कम्पनी को लाईसेंस हेतु सरकारी/अर्द्धसरकारी/गैरसरकारी विभागों से सम्बन्धी सर्वे के साथ डाटा एन्ट्री किये जाने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।**

**5–निविदादाता को आधार कार्ड एवं पैन कार्ड व जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।**

**6–तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के प्रपत्र अलग–अलग लिफाफों में सील कर इन दोनों लिफाफों को एक अन्य बड़े लिफाफे में सील कर ऊपर सम्बन्धित कार्य की निविदा अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।**

**7– निविदा से सम्बन्धित उपरोक्त समस्त प्रपत्र ऑन लाईन अपलोड किये जायेंगे तथा ऑफ लाईन निविदा में केवल निविदा शुल्क, धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0 इत्यादि मूल रूप में जमा कराये जायेंगे। जिसकी प्रतिलिपि ऑन लाईन भी अनिवार्य रूप से संलग्न की जानी होगी। समिति द्वारा ऑन लाईन निविदा प्रपत्रों का परीक्षण किया जायेगा।**

उपरोक्त सभी प्रमाण पत्रों को एक लिफाफे में सीलबन्द कर सीलबन्द लिफाफा निविदा बाक्स में जमा करना आवश्यक होगा। स्टेपल पिन से बन्द लिफाफा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

4. सफल निविदादाता फर्म को अनुबन्ध गठित होने की तिथि से 31.03.2024 तक ट्रेड लाईसेंस बनाने का कार्य करना होगा। उक्त फर्म का कार्य संतोषजनक होने पर मा0 महापौर एवं नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति पश्चात् उक्त अनुबंध को एक या दो वित्तीय वर्षों हेतु बढ़ाया जा सकेगा।
5. किसी भी प्रकार की सशर्त/अपूर्ण हो को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. प्राप्त निविदाओं में से किसी एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का समस्त अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर में निहित है।
7. निविदा लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप में कार्य का नाम, फर्म का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा एवं ओवर राईटिंग मान्य नहीं होगी तथा कटिंग में हस्ताक्षर किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा ऐसी निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

8. निविदा समिति की स्वीकृति उपरान्त सफल निविदादाता को एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात सम्बन्धित निविदादाता धरोहर धनराशि जब्त करते हुए द्वितीय न्यूनतम निविदादाता (एल–2) के पक्ष में कार्य स्वीकृत करने पर विचार किया जायेगा।
9. पक्षों में विवाद की दशा में मामला जिलाधिकारी ऊधमसिंहनगर के पास पंच निर्णय हेतु भेजा जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा पारित निर्णय दोनों पक्षों को अन्तिम रूप से मान्य होगा।

| | | |
|---|---|---|
| **शिप्रा जोशी पाण्डेय**<br>उप नगर आयुक्त<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर। | **नरेश चन्द्र दुर्गापाल**<br>नगर आयुक्त<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर। | **रामपाल सिंह**<br>महापौर<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर। |